Late running of trains

1299. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the trains running in South-Eastern Railways are not able to maintain punctuality;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) the steps taken to maintain punctualty in those trains; and

(d) the details thereof?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) During April to June, 1994 the average punctuality of Mail/Express trains on South Eastern Railway has been about 88.3 per cent.

(b) The reasons of late running of trains are agitations, alarm chain pullings, accidents; equipment failures etc.

(c) and (d) To improve punctuality, all steps including intensive chasing, round-the-clock monitoring, foot-plate inspections by senior Officers and identification of bad runners for particular attention etc. are being taken by the Railway to eliminate detentions within control of the Railway.

झाझा (बिहार) में लोको शैड को बन्द किया जाना

1300. **श्री जनार्दन यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि झाझा (बिहार) स्थित लोको शैड को बन्द कर दिया गया है ;

(ख) क्या सरकार इस लोको शैड के कर्मचारियों को किन्हीं अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने का विचार रखती है ; और

(ग) क्या सरकार की इसके स्थान पर एक विद्युत लोको शैड स्थापित करने की कोई योजना है ; यदि हां, तो कब तक तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलमंत्री (**श्री सी०के० जाफर शरीफ**): (क) जी, हां ।

(ख) जहां तक संभव होता है कर्मचारियों को उसी स्थान पर अन्य विभागों/गतिविधियों में रखे जाने के हर प्रयास किये जाते हैं । बहरहाल समय हित में कुछेक कर्मचारियों का अन्य स्थानों पर स्थानांतरण करना पड़ जाता है ।

(ग) जी, नहीं । परिचालनिक दृष्टि से बिजली लोको शैड स्थापित करने के लिये झाझा एक आदर्श स्थान नहीं है ।

विश्व में ईरकान द्वारा किया जाने वाला रेलवे संबंधी कार्य

1301. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विश्व के किन-किन भागों में इस समय "इरकान" द्वारा रेलवे संबंधी कार्य किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सच है कि "इरकान" की काफी अधिक देय राशि कुछ देशों में भुगतान हेतु बकाया पड़ी हुई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (**श्री सी०के० जाफर शरीफ**): (क) इस समय "इरकान" मलेशिया, तुर्की और सऊदी अरब में रेल परियोजनायें निष्पादित कर रही है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) इरकान की निम्नलिखित देशों के पास देय राशि बकाया है:—